हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 सऊदी अरब से पहुंचे युवक की चैतमा के दंपती ने रची थी मौत की साजिश!



## खबर संक्षेप

### वृक्षारोपण व महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम आज

**कोरबा।** जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत 12 जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन एवं महिला व बाल विकास विभाग के तत्वाधान में कोरबा नगरीय क्षेत्र के पंप हाउस आंगनबाड़ी केंद्र में प्रातः 11.30 बजे कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान को सफल बनाने में जन सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से सिविल एवं राजस्व न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण आदि निराकृत हो सकेंगे।

### एक वार्ड की जनसंख्या होगी 1200 से 2000 तक

# बांकीमोंगरा नगर पालिका में अब 8 की जगह होंगे 30 वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा नगर निगम से अलग हुए नवनिर्मित बांकीमोंगरा नगर पालिका के वार्डों के परिसीमन की प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। जिसके बाद प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। बांकीमोंगरा नगर पालिका में 8 वार्डों को 30 वार्डों में विभाजित कर नई सीमाएं निर्धारित की गई है। बांकी मोंगरा नगर पालिका की आबादी लगभग 49 हजार है। इस हिसाब से एक वार्ड में सबसे कम 1200 और अधिकतम 2 हजार की आबादी रखी गई है।

**खास बात**

- परिसीमन के बाद 30 वार्डों की नई सीमाएं की गई निर्धारित

वहीं इन सभी वार्डों का प्रशासन द्वारा परिसीमन भी कर दिया गया है। परिसीमन में सीमाओं को लेकर दावा-आपत्ति करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक निर्धारित की गई है, उसके बाद कोई सुनवाई नहीं होगी। नोडल अधिकारी कटघोरा तहसीलदार ने वार्डों की चारों दिशाओं की सीमा संबंधी पत्रक का प्रकाशन किया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बांकीमोंगरा नगर पालिका में नगर निगम से शामिल 8 वार्डों की आबादी 42 हजार थी, जो बढ़कर अब 50 हजार से भी अधिक हो गई है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम कोरबा का गठन वर्ष 1998 में साडा को विघटित कर बनाया गया था। निगम में 56 वाडों को शामिल किया गया था। निगम का क्षेत्रफल 215.03 वर्ग किलोमीटर है। क्षेत्रफल की दृष्टि से कोरबा प्रदेश का सबसे बड़ा निगम है। शुरुआत में 42 वार्ड थे। दो बार परिसीमन होने के बाद अब वार्डों की संख्या 67 पहुंच गई है। आबादी भी 3 लाख 65 हजार से बढ़कर 4 लाख से भी अधिक हो गई है। इसी वजह से पश्चिम क्षेत्र के बांकीमोंगरा को लंबे समय से नगर पालिका बनाने की मांग की जा रही थी। 4 साल पहले निगम ने पारित किया था प्रस्ताव नगर निगम के पिछले कार्यकाल में 4 साल पहले साधारण सभा में बांकीमोंगरा जोन के 8 वार्डों को जोड़कर नया नगर पालिका बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन कोरबा अनुसूचित जिला होने की वजह से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी।



#### चुनाव के पहले नपा बनाने के राजनीतिक मायने

बांकीमोंगरा को विधानसभा चुनाव के पहले नगर पालिका बनाने के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। क्षेत्र के लोग लंबे समय से नगर पालिका बनाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कोरबा की दूरी 20 किलोमीटर है। यही नहीं विकास कार्यों पर भी इसका असर पड़ता है। कांग्रेस को इसका चुनावी फायदा भी मिलेगा। इसको लेकर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है।

#### बांकीमोंगरा नगर पालिका के 30 वार्ड पर एक नजर

वहीं बात करने वार्डों की तो वार्ड क्रमांक 1 नेहरु नगर, वार्ड कमांक 2 आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 3 आदर्श नगर-2, वार्ड कमांक 4 आदर्श नगर-3, वार्ड कमांक 5 चुनचुनी बस्ती, वार्ड क्रमांक 6 मनगांव, वार्ड क्रमांक 7 बरपाली-1, वार्ड क्रमांक 8 बरपाली-2, वार्ड कमांक 9 गेवरा बस्ती, वार्ड क्रमांक 10 धरमपुर, वार्ड कमांक 11 नराईबोध, वार्ड क्रमांक 12 कुचैना, वार्ड क्रमांक 13 मड़वाढोड़ा, वार्ड क्रमांक 14 बांकी बस्ती, वार्ड क्रमांक 15 मोगरा, वार्ड क्रमांक 16 जंगलसाइड, वार्ड क्रमांक 17 शांति नगर, वार्ड क्रमांक 18 मनोरंजन मंदिर वार्ड, वार्ड क्रमांक 19 पानी टंकी गायत्री मोहल्ला, वार्ड कमांक 20 शिवालय मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 21 अंबेडकर नगर, वार्ड क्रमांक 22 बांकी साइड कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 23 गजरा बस्ती, वार्ड क्रमांक 24 गजरा साइड के अलावा 30 वार्ड का नामकरण किया गया है। इसके लिए दावा आपत्ति मंगाया गया है। राज्य शासन ने नगर पालिका के लिए पार्षद शैल राठौर को संचालन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है। समिति ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। वाडों की संख्या बढ़ाने के बाद उसी के आधार पर ही आगामी चुनाव होगा।

# बारात आने से पहले चोरों ने शादी भवन में की चोरी, एक बदमाश हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के एक सामुदायिक भवन में शादी समारोह के दौरान देर रात को चोर जा धमके थे और इस दौरान चोरों की आवाज सुनकर एक युवती नींद से जाग गई और चोरों को पकड़ने के दौरान हाथापाई कर मौके से भागने में सफल रहे। चोरों ने भवन में रखे कुछ नगदी रकम व जेवरात लेकर भाग निकले हैं जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। हालांकि कोतवाली पुलिस व मानिकपुर पुलिस ने कुछ बदमाशों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे जेवर भी बरामद कर लिया है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा विहार में हुई घटना

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शारदा विहार के मुख्य मार्ग स्थित सामुदायिक भवन में वैवाहिक समारोह चल रहा था इसी दौरान एक परिवार और उसके रिश्तेदार ठहरे हुए थे। बुधवार की रात कार्यक्रम निपटने और भोजन के बाद लोग सो गए। देर रात्रि को खतर-पटर की आवाज हुई। शोरगुल होने पर एक युवती की नींद टूटी और उसने देखा कि मौके पर चार पांच युवक सक्रिय हैं जो यहां वहां पर रखा सामान समेट रहे हैं। माजरा समझने के साथ युवती ने चीख पुकार लगाई। पकड़े जाने के डर से चोरों ने यहां से भागने में भलाई समझी। परिवार की एक महिला ने बताया कि इस दौरान चोरों ने उसके साथ धक्का मुक्की और मारपीट की। इस स्थान पर आज रात को ही बारात आनी थी और विवाह संपन्न होना था इससे पहले चोरों के द्वारा हरकत करते हुए 50 हजार रुपए नगद और सोना चांदी के आभूषण की चोरी कर ली गई। बताया गया कि काफी देर के बाद मौके पर मौजूद लोगों की नींद टूटी। माना जा रहा है कि चोरों के गिरोह के द्वारा किसी नशीले चीज का स्प्रे कर दिया गया था जिसके प्रभाव से लोग गहरी नींद में सो गए थे। जब इसकी जानकारी मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू से पूछा गया तो उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया गया। वहीं पुलिस के सूत्र बताते हैं कि मानिकपुर चौकी पुलिस व कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। संभावना जताई जा रही है कि शुक्रवार को पुलिस इस मामले में खुलासा करेगी।



सामुदायिक भवन जहां हुई चोरी की वारदात।

#### फिल्डमैन में नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की ठगी

**कोरबा।** दो युवकों ने एक महिला को फिल्डमेन के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की है। उक्त युवकों द्वारा ना ही महिला का नौकरी लगवाया गया और ना ही उसकी रकम वापस की जा रही थी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत राजकुमारी टेकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लहरापारा बतरा निवासी गुलशन मरकाम पिता संतोष मरकाम एवं ग्राम कर्रा नवाडीह निवासी देवेन्द्र मरकाम पिता रमुंद सिंह के द्वारा राजकुमारी व उसकी डेढ़सास मनीता मरावी से नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी गुलशन मरकाम एंव देवेन्द्र मरकाम के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



## खबर संक्षेप

### एक्सप्रेस ट्रेनों में अक्टूबर से लगेंगे 4 अनारक्षित कोच

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाले सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में 4 अतिरिक्त जनरल कोच लगाने का निर्णय रेलवे ने लिया है। यात्रियों को ये सुविधा अक्टूबर से मिलेगी। दपूमरे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा जनरल कोच के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित कोच बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली लंबी दूरी की सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में आगामी अक्टूबर माह से 4 जनरल कोच लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली सभी गाड़ियों के जनरल कोच की संख्या में इजाफा करते हुए अक्टूबर से 4 जनरल कोच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी। ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या बढ़ने से द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। साथ ही जनरल कोचों में बढ़ रहा अत्यधिक यात्री दबाव भी काफी कम होगा। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जनरल कोच लगने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्री सुगम एवं आरामदायक यात्रा का सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली इन ट्रेनों में 4 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यात्रियों को यह सुविधा अक्टूबर व नवंबर से मिलेगी।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अपने घर में रखकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना टीआई हरिश टाण्डेकर ने बताया, क्षेत्र के रहने वाले एक ग्रामीण ने चौकी में रिपोर्ट लिखाई। 12 जून 2024 को उनकी नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर केंदा औराझेरी निवासी देवकुमार उर्फ देवा उरांव पिता लेखलाल उरांव 26 साल घर से भगाकर ले गया है। युवक उनकी नाबालिग बेटी को अपने घर में रखकर शारीरिक संबंध बना रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर देवकुमार उर्फ देवा उरांव को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेने के बाद धारा 363, 366 क, 376, 64, 2 ड, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### टोनही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

**बिलासपुर।** टोनही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट करने वाले मां व दो बेटों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया कि घुरू क्षेत्र की रहने वाली एक महिला अपने घर में समय समय पर पूजापाठ कराती रहती है। बुधवार को उनके पड़ोसी रानू पाठक व उनके दो बेटों ने उन पर आरोप लगाया उनके पूजा पाठ कराने से उनके घर के सदस्य बीमार हो रहे हैं। महिला पर जादू टोना कराने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर रानू पाठक व उनके दो बेटों के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 296, 351 व 3, 5 टोनही अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घरौंदा केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रहीं

**बिलासपुर।** प्रदेश भर में चल रहे घरौंदा केंद्रों के मामले में शासन ने जवाब पेश करते हुए कहा कि हमने रहने वालों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। कोपलवाणी एनजीओ ने अधिवक्ता देवर्षि सिंह के माध्यम से यह जनहित याचिका पेश की है। रायपुर के एक संस्थान में भूख से बच्चों की मौत होने के बाद यह मामला सामने आया था। इसके बाद प्रदेश भर में संचालित हो रहे घरौंदा केंद्रों को लेकर भी इस याचिका में सुनवाई की गई। पहले हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कोर्ट कमिश्नरों से कहा था कि वे जाकर बिलासपुर समेत अन्य जगहों के केंद्रों में देखें कि बच्चों की स्थिति क्या है। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट पेश कर कुछ जगह खाने पीने में परेशानी की बात कही थी। बुधवार को चीफ जस्टिस की डीबी में शासन ने अपना जवाब पेश किया।

### डीआरएम व जीएम कार्यालय में भारी में सुरक्षा बल तैनात, लाठी उठाते ही भागे युवा

# अप्रेंटिसशिप करने आए प्रशिक्षु की करंट से मौत 30 घंटे रखा रहा शव, रेलवे अस्पताल का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुआवजा और मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग करते हुए प्रशिक्षुओं ने रेलवे अस्पताल का घेराव किया।

प्रशिक्षु की करंट से मौत का मामला गरमाता जा रहा है। रेलवे से मुआवजा व संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के कारण अप्रेंटिस मृतक के परिजन के साथ बड़ी संख्या में युवा रेलवे अस्पताल के सामने सड़क पर बैठ गए। अस्पताल में मृतक का शव 30 घंटे से अधिक समय तक रखा रहा। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए आरपीएफ व पुलिस भारी संख्या में तैनात हुई। युवाओं ने जमकर हंगामा मचाया और मृतक के परिजन को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे।

- बीसीएन डिपो में प्रशिक्षु की हुई थी मौत

दरसल एक दिन पहले बीसीएन डिपों में प्रशिशु अप्रेंटिस प्रसाद काले की करंट लगने से मौत हुई थी। बुधवार को उनके परिजन महाराष्ट्र से शव लेने बिलासपुर पहुंचे थे। इस बीच रेलवे अप्रेंटिस 250 से अधिक प्रशिक्षु रेलवे अस्पताल के सामने डटे थे। सुबह से विरोध देखकर रेल प्रशासन सकते में आ गया। किसी तरह विरोध, विवाद या तोड़फोड़ न हो जाए। इसी भय से जीएम व डीआरएम कार्यालय के सामने भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर में भी रेल सुरक्षा बल के जवानों की तैनातगी कर दी गई। यह जवान विरोध कर रहे लोगो को अस्पताल के बाहर रोककर गेट बंद कर दिया।

### समर्थन में सभी जगह के अप्रेंटिस हुए एक साथ कहा- मांग पूरी करे अस्पताल

#### नहीं पहुंचे डीआरएम

विरोध कर रहे प्रशिक्षु का आरोप है कि रेलवे के लापरवाही से ही प्रसाद काले की मौत हुई है। वो यह मांग करते रहे कि मामले को लेकर डीआरएम यहां पहुंचें और परिजन से बात कर आश्वसन दें कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी व उचित मुआवजा राशि भी देगें। इसके बाद भी डीआरएम नहीं पहुंचे। अंत में पुलिस व आरपीएफ ने लाठी उठाकर विरोध कर रहे युवकों को रेलवे अस्पताल के सामने से खदेड़ा।



#### 8.50 लाख व नौकरी देने का मौखिक आश्वासन

मृतक प्रसाद काले के परिजनों ने बताया कि रेलवे के कुछ अफसरों ने उनसे मुलाकात की। उन्होने मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि घर के किसी एक व्यक्ति को नौकरी देंगे। साथ ही 8.50 लाख रूपए उनके एकाउंट में भी डाल दिया जाएगा। ऐसे में शव को अस्पताल में रखे 30 घंटे से अधिक समय होने और गर्मी से खराब न हो जाए इसके कारण परिजनों ने अफसरों के आश्वासन के बाद हंगामा मचाना बंद कर शव लेकर अपने गृह ग्राम चले गए।

#### समर्थन में सभी जगह के अप्रेंटिस

इस घटना से न केवल बिलासपुर बल्कि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जिन - जिन जगहों पर अप्रेंटिस प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह सभी बुधवार को सुबह से बिलासपुर पहुंच गए। सभी घटना के विरोध का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक आश्वासन नहीं मिलेगा, विरोध जारी रहेगा। घटना केवल रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। उन्होंने कार्य के दौरान अप्रेंटिस को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाने का भी विरोध किया।

## बीए फर्स्ट ईयर का अब तक घोषित नहीं किया गया रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहीं दूसरी ओर अभी तक बीए फर्स्ट ईयर प्राईवेट-रेगुलर का परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुआ है। बाकी अधिकांश परीक्षाओं के परिणाम यूनिवर्सिटी ने जारी कर दिए हैं और बीए फर्स्ट ईयर के भी एक-दो दिनों के भीतर परिणाम जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

- एयू ने जारी कर दिए बाकी परीक्षा परिणाम

बीए फर्स्ट ईयर प्राईवेट और रेगुलर दोनों में ही विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहती है, इसलिए फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों को अपने रिजल्ट का इंतजार है। दूसरी तरफ कालेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है और स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन चल रहा है। वैसे अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों में मुख्य परीक्षा जून माह के प्रथम सप्ताह तक चली है। पहले मुख्य परीक्षा मई माह में समाप्त होने वाली थी। लेकिन बीच में लोकसभा चुनाव में कुछ पेपर फंस रहे थे इसलिए कुछ पेपर स्थगित करना पड़ा था और उन पेपरों को जून माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई। परीक्षा के साथ ही साथ यूनिवर्सिटी ने उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन चालू करा दिया था, इसलिए बीच-बीच में परीक्षा परिणाम भी जारी होते गए। अभी तक यूनिवर्सिटी द्वारा बीपीएड, बीलिब, बीबीए, बीएससी, बीसीए, बीएड, एमए, पीजीडीआईबी, पीजीडीबीएम, एम कॉम, बीकॉम आदि कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए जा चुके हैं।



#### जल्द जारी होगा रिजल्ट

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा के अधिकांश कक्षाओं के रिजल्ट समय पर जारी किए जा चुके हैं। अब बड़े रिजल्ट में बीए फर्स्ट ईयर का रिजल्ट आना बचा है जो एक-दो दिनों के भीतर जारी होने की संभावना है।

-डॉ. तरूणधर दीवान
परीक्षा नियंत्रक, एयू

## विद्युत केबल चोरी होने से डोढगापारा में दो माह से अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



सीमा विवाद का दंश पिछले दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करके भुगतना पड़ रहा है। सुरजपुर व बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारियों द्वारा एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर चोरी गए विद्युत केबल की बजाय नई केबल नहीं बिछाए जाने से विद्युत आपूर्ति दो महीने से गांव में बंद पड़ी हुई है, गांव में अंधेरे की वजह से आमजन को खासी परेशानी का सामना करने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा में करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब सौ मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया है। जिस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करने विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गंभीर समस्या की ओर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, बावजूद इसके आज तक अधिकारियों द्वारा आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उक्त मोहल्ले में दो महीने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को जहां एक ओर कृषि कार्य हेतु प्रभावित होना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही रात के अंधेरे में जहरीले सांप, बिच्छू के भी घरों में प्रवेश करने का भय ग्रामीणों के मन में बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर जब केबल चोरी की वजह से अंधेरा व्याप्त होने की सूचना बिश्रामपुर के विभागीय अधिकारियों को दी गई तब पहले अधिकारियों द्वारा कहा गया कि मुहल्ले में कनेक्शन बहुत कम है। इसके पश्चात ग्रामीणों द्वारा मुहल्ले के लोगों से जब कनेक्शन हेतु आवेदन पत्र विभाग में जमा कराया गया तो अब यह जवाब दिया जा रहा है कि उक्त क्षेत्र सुरजपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वास्तविकता यह है कि यहां पर खंभा, तार, कनेक्शन सब बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधीन है।

## पत्नी ने मारपीट की रिपोर्ट लिखाई पति ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चरित्र शंका पर मारपीट करने पर पत्नी ने थाने में रिपोर्ट लिखा दी। उसके बाद सुबह हमलावर पति ने तिफरा रेलवे लाइन में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक निलाकर सेठ ने बताया, बुधवार की सुबह 5 बजे अशोक नगर डीएलएस कालेज के पीछे श्रीराम विहार निवासी सनत दुबे पिता माखन दुबे 52 साल ने तिफरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। वह वन विभाग में डेलीविजेस में चौकीदारी का काम करता था। बुधवार की सुबह 4 बजे वह घर से निकला था। उनकी पत्नी का बयान नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक 9 जुलाई को मृतक की पत्नी आरती दुबे ने सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। उनकी शादी मृतक से 2006 में हुई थी। उनकी एक बेटी समृद्धि दुबे 17 साल है। शादी के कुछ समय बाद से चरित्र पर आरोप लगाकर लगातार मारपीट करता है। वह उनके खिलाफ कई बार रिपोर्ट लिखा चुकी है। 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे मृतक ने उनके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति सनत दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## जनसमस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, गंदगी, स्ट्रीट लाइट की शिकायत



**बिलासपुर।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड में जनसमस्या निवारण शिविर बुधवार से शुरू हो गया है। पहले दिन वार्ड नंबर 20 में शिविर लगा। इनमें सबसे ज्यादा राशन कार्ड, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि से संबंधित आवेदन जनसमस्या निवारण शिविर में आए हैं। आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम सीमा क्षेत्र में आयोजित किए जाने वाले जनसमस्या निवारण शिविर आज से शुरू हो गया है। यह शिविर 10 जुलाई से शुरू होकर 10 अगस्त तक एक माह तक चलेगा। पहले दिन वार्ड नंबर 20 के सिंधी पंचायत भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया।

#### शिविर के पहले ही दिन 82 आवेदन

इस शिविर में वार्ड के नागरिक अपनी मांग, समस्या और सुझाव लेकर पहुंचे थे, जिसमें विभिन्न प्रकार के कुल 82 आवेदन आए हैं। इनमें साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, सड़कों के मरम्मत, आवास की मांग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, संपत्ति कर सहित मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन शामिल हैं। इसमें भी 49 आवेदन राशन कार्ड, 12 आवेदन सड़क व नाली मरम्मत, 16 आवेदन आवास के लिए तथा 5 अन्य प्रकरण से संबंधित आवेदन आए हैं।

## पानी टंकी तोड़ रहे जेसीबी पर गिरा पूरा मलबा, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिलपहरी इंडस्ट्रियल एरिया में अग्रवाल इंफ्रास्ट्रक्चर के पीछे सीएसपीडीसीएल की जमीन पर एलॉटमेंट के बाद कारखाना खोलने की तैयारी चल रही है। यहां जमीन को समतलीकरण करने के साथ ही पुरानी पानी टंकी को तोड़ा जा रहा है। मंगलवार को इसी बीच पानी टंकी के दो पाए को तोड़ने के बाद जेसीबी का चालक तीसरे पाए को तोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी समय पानी टंकी का पूरा मलबा जेसीबी पर ही भरभराकर गिर गया। ऐसे में आनन-फानन में यहां काम करा रहे लोगों ने मलबा हटाकर जेसीबी के अंदर से चालक को बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इधर मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जिसे सिरगिट्टी पुलिस को भेजा गया। ड्रायवर का नाम नीरज बताया जा रहा है। सिरगिट्टी सूचना मिलने के बाद दिनभर जगह की तलाश करती रही। लेकिन उन्हें घायल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जबकि लोगों ने इस घटना को एक दिन पहले मंगलवार को होना बताया। ऐसे में पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नए परिसीमन में विसंगतियां: कलेक्टर आवास निर्माणाधीन ननि प्रशासनिक भवन शामिल नहीं

**अंबिकापुर।** नगर निगम में परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान विसंगतिपूर्ण परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए है। कांग्रेस का आरोप है कि अधिकारीयों ने ऐसा विसंगतिपूर्ण परिसीमन किया है कि उसमें कलेक्टर सरगुजा का निवास क्षेत्र और निगम का निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन किसी वार्ड का ही हिस्सा नहीं है।

इधर परिसीमन को लेकर शुरू हुए विरोध के बाद कलेक्टर ने परिसीमन प्रकाशन के बाद पुनः परिसीमन की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित बैठक के दौरान सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ में सर्वाधिक विसंगतीपूर्ण परिसीमन अम्बिकापुर में किया गया है। शहर के किसी भी नागरिक ने निगम के किसी भी सर्वेक्षक द्वारा वार्डों का सर्वे करते या पंचनामा बनाते नहीं देखा है। लगता है कि सत्ताधारी दल के कार्यालय से परिसीमन को लेकर जो प्रस्ताव आया है उसे निगम प्रशासन ने बंद कमरे में सील-मोहर लगाकर स्वीकृति दे दी है। शहर के आबादी के अनुसार वार्डो की आबादी 2610 लोगों की होनी चाहिए किन्तु वार्डों की सीमाओं को बदलने, वार्डों में क्षेत्रों के जोड़ने और हटाने के बावजूद आबादी के कॉलम को यथावत रखा गया जो आश्चर्यजनक है। एमआईसी सदस्य शफी अहमद ने कहा कि परिसीमन से नहीं बल्कि परिसीमन के कारण शहर के नागरिकों के लिए उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर हैरान परेशान हैं। परिसीमन से प्रभावित नागरिकों के पते में अब वार्ड का नंबर बदल जाएगा जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यकलाप में दिक्कत होगी। पासपोर्ट धारकों को तो पता बदलवाने में भारी समस्याओं का सामना करना पडेगा। परिसीमन से प्रभावित लोगों को अब नये मतदान केंद्रों में मतदान हेतु जाना पडेगा।



### राशन देने बार बार बुलाने और दुकान बंद रखने पर की गई कार्रवाई

## घुटकू-लमेर की राशन दुकान निलंबित, एक दर्जन को नोटिस भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर एसडीएम ने की घुटकू और लमेर में कार्रवाई करते हुए दो राशन दुकानों को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जनदर्शन में प्राप्त शिकायत की जांच करने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर और खाद्य नियंत्रक बिलासपुर को निर्देशित किया था।

खाद्य निरीक्षक तखतपुर से जांच करवाई गई। जांच में घुटकू दुकान संचालक/विक्रेता गणेश नोनिया द्वारा राशन कार्डधारियों को राशन देने दुकान में 3 बार बुलवाया जाना और कार्डधारी को परेशान व प्रताड़ित करना पाया गया। वहीं लमेर के आश्रित ग्राम नरोतीकापा में 146 राशन कार्डधारी को लमेर दुकान संचालक/विक्रेता दीपक यादव द्वारा समय में खाद्यान्न प्रदाय नहीं करने व दुकान नियमित नहीं खोलने, विक्रेता द्वारा मनमानी कर अनियमितता करने की शिकायत सही पाई गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान घुटकू, लमेर के उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा जांच में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। उनका जवाब संतोषजनक और समाधान कारक नहीं पाया गया। ऐसे में दोनों दुकानों को निलंबित कर दिया गया। निलंबन की कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान घुटकू को राशनकार्ड धारी की सुविधा को दृष्टिगत करते हुए नवीन उचित मूल्य दुकान नरोतीकापा में व लमेर के दुकान को गोकुलपुर के उचित मूल्य दुकान में आगामी आदेश पर्यंत संलग्न किया गया है।

#### राशन प्रतिपूर्ति नहीं की तो होगी कार्रवाई

शासकीय उचित मूल्य दुकान राजपुर, कुरेली, लिदरी, विजयपुर, कोपरा, सालहेकापा, पथर्रा, देवरीकला, सकेरी, देवतरा, सिंघनपुर, बेलगहना के संचालकों को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत खाद्यान्न व्यपवर्तन/अनियमितता की प्रतिपूर्ति करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के द्वारा दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया है कि उक्त दुकान संचालकों द्वारा तय समय सीमा में खाद्यान्न प्रतिपूर्ति नहीं किए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर राजस्व वसूली की कार्यवाही किया जाएगा।

## बिल्हा क्षेत्र में डायरिया से दो की मौत

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लाक में डायरिया से दो की मौत हो गई है, जिसमें एक 19 साल की युवती और एक 45 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। सीएमएचओ ने सभी जगह के बीएमओ को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर शिविर लगाने का निर्देश दिए हैं।



जिले में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बिल्हा ब्लाक के ग्राम नेवसा में एक 19 वर्षीय युवती नेहा धीवर की मौत बुधवार की शाम हो हुई है। उसी क्षेत्र के मदनपुर गांव में रहने वाले एक 45 वर्षीय हीराराम की भी मौत हो गई है। हालांकि सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव का कहना है कि डायरिया से नेहा धीवर की मौत होने की जानकारी मिली है। हीराराम की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सीएमएचओ ने बताया युवती किसी निजी अस्पताल में इलाज करा रही थी।

## खबर संक्षेप

### उज्जवल मोदी बने सीए



**कोरबा।** सीतामढ़ी रोड कोरबा निवासी व्यवसाय एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार मोदी के पुत्र उज्जवल मोदी को मुंबई में सीए की डिग्री प्राप्त हुई है। उज्ज्वल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कोरबा एवं उच्च शिक्षा प्रदेश के बड़े शहरों से ग्रहण की उज्जवल मोदी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं उनकी इस उपलब्धि से उनके परिजनों और उनके मित्रों में हर्ष व्याप्त है।

### छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मेधावी विघार्थी प्रोत्साहन सम्मेलन 15 को

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा नोडल केंद्र बोईदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में कक्षा 12वीं एवं 10वीं के कक्षा में प्रथम स्थान से उत्तीर्ण होने वाले विघार्थी एवं शासकीय माध्यमिक शाला बोईदा, मुरली, सराईपाली, सिरली, झांझ के कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान में उत्तीर्ण होने वाले बालक एवं बालिकाओं को मेघावी विघार्थी प्रोत्साहन सम्मेलन का 15 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा ताम्रेश्वर प्रसाद उपाध्याय, जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, जनपद सदस्य जमुना देवी पटेल, जनपद सदस्य सिरली चंद्रपाल पटेल, सरपंच हेमलता जगत,सरपंच झांझ चंद्रिका प्रसाद उइके, सरपंच सिरली सेवक राम मरावी, सरपंच रामपुर दिल कुमारी पोर्ते, नोडल केंद्र बोईदा प्राचार्य लखन लाल बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य कौशल श्रीवास, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उत्तम पटेल, सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत, सरपंच प्रतिनिधि दशरथ सिंह कंवर, सरपंच प्रतिनिधि रमेश पोर्ते की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

### कटघोरा वनमंडल अधिकारी ने किया पौधरोपण



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत अपने परिवार सहित एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। जहां उनके द्वारा पूरे वनमंडल में इस अभियान को तेजी से फहराया जा रहा है और लोगों को प्रेरित किया जा रहा है कि सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगे और उसको बेहतर ढंग से देखरेख कर उसे पेड़ का रूप दिन कोरबा वनमंडल में इस बार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जहां इस अभियान के तहत लाखों की संख्या में दोनों वनमंडल में पौधारोपण किया जाना है।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ कोरबा की बैठक 9 जुलाई को आपने थियेटर कोरबा मे रखी गई, बैठक में मुख्यमंत्री से मांग कि गई कि लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई राहत देने की घोषणा करे, संघठन को मजबूत करने तथा अपने अधिकारो को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया, पर्यावरण सुरक्षा के लिए पेंशनर साथियों से एक पेड मां के नाम लगाने का आह्वान किया गया, बैठक में आबकारी विभाग से सेवानिवृत्त हीरामन सिंह को सदस्यता दिला कर स्वागत किया गया, बैठक में अध्यक्ष आर के शर्मा, एस एस तोमर, एस के विश्वास, पी एल चौधरी, के आर टण्डन, नन्दराम बाविसटाले, एन के नामदेव, राजेन्द्र जोशी, रामाराव यादव, पी एल चौहान, आर के पाण्डेय, प्रदीप जायसवाल, दीपचंद श्रीवास, एम एल श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की टीम ने जिले में की जा रही डच रोज खेती का किया निरीक्षण



**कोरबा।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की टीम द्वारा कटघोरा विकासखण्ड के कुमगरी ग्राम में कृषक जय सिंह और श्रीमती रजनी सिंह द्वारा पॉली हाउस में की जा रही डच रोज की खेती का निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से आए टीम द्वारा कृषकों को प्रोत्साहित करते हुए डच रोज के अच्छे उत्पादन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, ग्रामीण बैंक के अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे। गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 में कुल 40 लाख की लागत से सम्बंधित किसान के जमीन पर पॉली हाउस तैयार कर 2600 वर्ग मीटर में डच रोज खेती प्रारम्भ की गई थी। योजनांतर्गत उक्त प्रोजेक्ट हेतु बैंक द्वारा 30 लाख रुपए का लोन प्रदान किया गया है। साथ ही प्रोजेक्ट में 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ भी दिया गया है।

जगह जगह हो रहा है पौधरोपण

# जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आज चलाया जाएगा पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के समस्त 10 परियोजनाओं के समस्त 2599 आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 जुलाई को जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधे रोपे जाएंगे। संचालनालय महिला एवं बाल विकास से मिले निर्देशों के तहत डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग ने समस्त सीडीपीओ, पर्यवेक्षकों को उक्त आंगनबाड़ी वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों/जन समुदाय की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कर पौधरोपण का निर्देश दिया गया है।

**खास बात**

- जनप्रतिनिधि, जन समुदाय की सहभागिता से रोपे जाएंगे पौधे

संचालनालय से जारी निर्देश के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में जनप्रतिनिधि जनसमुदाय की ओर से एक पेड़ मां के नाम अनिवार्य रूप से रोपित किया जाए। 4 अन्य फलदार वृक्ष रोपित किया जावे। जिसमें जनप्रतिनिधियों, ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को शामिल करते हुए एक उत्सव के रूप में मनाया जावे। वृक्षारोपण के पूर्व तैयारियों के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में वृक्षारोपण के लिए स्थान चिन्हांकित कर लिया जावे। पौधरोपण हेतु स्थान सुरक्षित कर, पानी की व्यवस्था के साथ-साथ पौधे के बढ़त के लिए पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित कर पर्याप्त गेप रखा जावे। वृक्षारोपण के एक दिन पूर्व गड्ढा, यथासंभव 1 फुट की व्यास वाले 1 मीटर गहरा गड्ढा किया जावे और नीचे गोबर खाद व अन्य आवश्यक सामाग्री डाल दी जावे। इस संबंध में उद्यानिकी विभाग के निकटस्थ अधिकारी कर्मचारी से मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। वृक्षारोपण के लिए कम से कम 3 फीट ऊंचा एवं पुष्ट पौधा उद्यानिकी विभाग/वन विभाग से प्राप्त कर लिया जावे। इस संबंध में आवश्यक समन्वय की जिम्मेदारी सम्बंधित परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक की होगी। वृक्षारोपण के दिन स्थल पर गोबर खाद, फावड़ा, कुदाली, खुरपी, गैंती इत्यादि की व्यवस्था की जाए। जिनके द्वारा भी पौधा लगाया जाना है उसके लिए यथासंभव नाम पट्टिका की व्यवस्था की सकती है ताकि संबंधित की ओनरशिप रहे और पौधे के विकसित होने पर उनके द्वारा पानी सींचने के साथ ही उसका सही पोषण कर सकें।

### गुरसिया हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत गुरसिया की हायर सेकेंडरी स्कूल में आज गुरुवार को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष संतोषी पेंद्रो, भोला गोस्वामी, शिव लकड़ा सरपंच, डिप्टी रेंजर खाण्डे एवं वन विभाग की टीम उपस्थित रहे। प्रिंसिपल कांवर वा शिक्षागण सहित स्कूल के बच्चे वृक्षारोपण में भाग लेकर पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल हेतु सभी ने पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आंवला, आम, नीम, जामुन, जाम, आदि के पौधे रोपित किए गए। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया।



### अभियान में आदिवासी समाज शामिल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुवात किया हैं। इस दिन से ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक कैंपेन की शुरुआत की है। इस अवसर पर लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा संगठन कोरबा के आदिवासी गोंड समाज ने कहा संस्कृति प्रकृति ही हमारी भगवान है हम पेड़, पौधे, जंगल हमारे प्राकृतिक देवता है प्रकृति बड़ा देव को स्थापित करते हुए रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कर पेड़ लगाकर आशीर्वाद लिया गया। स्थान गायत्री मंदिर, कोसाबाडी कोरबा के समीप मैदान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। इसकी शुरुआत पीएम मोदी खुद एक पौधा लगाकर कर दिए है।

## अघोषित बिजली कटौती व दरों में बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहासा वृद्धि एवं प्रदेश भर में बार बार विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान है। विद्युत दरों में की गई बढ़ोतरी एवं अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे छग में ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार में कनिष्ट यंत्री (विद्युत) कार्यालय के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व एवं कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत कार्यालय के कनिष्ठ यंत्री सलोमी टोप्पो से पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर के द्वारा धरना स्थल पर बुलाकर चर्चा किया गया एवं तहसील कार्यालय हरदीबाजार के तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैकरा को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर रामशरण कंवर, शत्रुहन यादव, सैयद कलाम, श्रवण कश्यप, कौशल श्रीवास, छतराम सिदार, मुकेश बर्मन, चित्रपाल श्रीवास, कुलदीप राठौर, चन्द्रहास राठौर, आशीष यादव, अनिल पोर्ते, फलेश्वर श्रीवास, रामकुमार मरावी, आशीष राठौर, विक्रम राठौर, मनमोहन राठौर, दीपक राजपूत, शुभम शुक्ला, सत्येन्द्र राठौर, जमीर खान एवं कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाने की बैठक मां चोढ़ारानी दाई मंदिर में हुई। जिसमें क्रांति मैदान तीन पेडिंया को चिन्हांकित किया गया और सभी गांवों से सहयोग स्वेच्छा नुसार लेने पर सहमति दिया गया।

बैठक में समाज लोगों ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस को मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की । बोईदा में रैली निकाले जाने का निर्णय भी लिया गया और कार्यक्रम को और अधिक बेहतर तरीके से मनाने के लिये आयोजन समिति सदस्यों का चयन कर लिया गया है। अध्यक्ष मनोज जगत बोईदा, कार्यवाहक अध्यक्ष दशरथ सिंह कंवर मुरली, उपाध्यक्ष चंदर सिंह मरकाम चोढ़ा, अजमेर सिंह मरकाम अंडीकछार,तामेश्वर सिंह टेकाम उतरदा,धनराज ओड़े बम्हनीकोना, सचिव गोविंद राम कंवर पटवारी उतरदा,यु.एस मरावी शिक्षक बोईदा, कोषाध्यक्ष कार्तिक राम सरुते,चंद्रिका प्रसाद उइके, संगठन सचिव भुवनेश्वर सिंह टेकाम मुड़ापार, राधेश्याम बुड़गनियापारा, रामलाल पोर्ते भेलवाडोंगरी,राजेश जगत झांझ,सलाहकार डीपी कोराम सलिहापारा,मंगल सिंह संग्राम सिरली,प्यारे लाल नेताम,नवरतन सिंह कंवर चोढ़ा,बीपी वरकड़े लोटनापारा, राधे सिंह नेटी लोटनापारा,बीर सिंह धनुवार झांझ, मिडिया प्रभारी दुर्गेश मरावी बोईदा,संरक्षक शत्रुहन सिंह करपे का चयन किया गया।



बैठक के दौरान उपस्थित समाज के जनप्रतिनिधि।

## कलेक्टर ने सेजेस एनसीडीसी का किया निरीक्षण, निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने सुभाष ब्लॉक में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एनसीडीसी के कार्यों का अवलोकन किया। निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं किए जाने पर उन्होंने अलग से दिए गए चार माह की अवधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए काम समाप्त करने के निर्देश दिए।

**खास बात**

- नगर निगम आयुक्त को साप्ताहिक मानिटरिंग के निर्देश

कलेक्टर अजीत वसंत ने इस कार्य में लगे इंजीनियर को भी निर्देशित किया कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाए। निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के साथ उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण कार्य में इंजीनियर की तरफ से भी कुछ नया करने का सुझाव दिया और कहा कि भवन पूर्ण होने पर किसी तरह की कमी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई को निर्देशित किया कि शहर के 10 बड़े कार्यों की सूची बनाकर प्राथमिकता से इन कार्यों का साप्ताहिक समीक्षा करते हुए समय पर पूर्ण कराए। सेजेस एनसीडीसी विद्यालय का निरीक्षण कर कलेक्टर ने लैब, लाइब्रेरी कक्ष, क्लास रूम, असेम्बली हॉल आदि का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती अलका फिलिप्स से विद्यार्थियों की संख्या, व्याख्याता सहित अन्य जानकारी ली। कलेक्टर ने प्राचार्या से कहा कि संस्था प्रमुख होने के नाते यहां हो रहे निर्माण कार्यों के संबंध में पर्याप्त जानकारी रखने के साथ कार्य की गुणवत्ता को भी मॉनिटर करें। उन्होंने ठेकेदार को भी समय पर कार्य करने के निर्देश दिए। सेजेस एनसीडीसी स्कूल में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही कलेक्टर श्री वसंत ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों की अभिरुचि की जानकारी ली उन्होंने बोर्ड परीक्षा के हिसाब से अच्छे से तैयारी करते हुए बेहतर कॅरियर बनाने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र का स्कूल होने और सुविधाएं उपलब्ध होने की बात कहते हुए प्राचार्या को शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए और अंक प्रतिशत बढ़ाने कहा।



निरीक्षण करते कलेक्टर अजीत वसंत व अन्य।

## केवी एनटीपीसी में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 एनटीपीसी में 53वां क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर-14, 17, 19 की चेस, जूडो एवं ताइक्वांडो में रायपुर संभाग के 23 केंद्रीय विद्यालयों की 114 छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। इसके उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे, राजीव खन्ना जो कि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा के परियोजना प्रमुख हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में शशि शेखर मानव संसाधन प्रमुख एनटीपीसी लिमिटेड ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से आयोजित करवाने के लिए 12 खेल अधिकारी विशेषज्ञों की टीम का भी वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे द्वारा पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत समारोह की इस कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य एसके साहू ने स्वागत भाषण में विद्यालय की वर्ष भर की खेल कूद उपलब्धियों का वर्णन किया एवं प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मास्टर अथर्व श्रीवास्तव ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों को परेड के बाद शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ-साथ, खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया एवं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इस बात पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी विधालय के प्रतिनिधियों से हाथ मिला कर परिचय प्राप्त किया एवं गुब्बारे छोड़ कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ घोषित किया।

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

नवीन शासकीय महाविद्यालय पाली के बी.काम. प्रथम वर्ष छात्र-छात्राओं ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में क्षेत्रीय विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मकाम से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया एवं इस तरह की समस्या पूर्व में भी पाली कालेज के छात्र-छात्राओ के साथ हो चुका है। श्री मरकाम ने निंदा करते हुए चेतावनी दी कि स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खेलवाड़ बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने इस प्रकार की समस्या को गंभीर बताते हुए कुलपति से खुद विधार्थी बच्चो के साथ बिलासपुर पहुंचने की बात कही। नवीन शासकीय महाविद्यालय पाली के बी.काम. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विधार्थी जो कि वर्ष 2023-24 परीक्षा में शामिल हुए थे। उनका परीक्षा परिणाम 8 जुलाई को जारी हुआ जिसमें नवीन शासकीय महाविद्यालय पाली से शामिल नियमित लगभग 37 छात्र-छात्राएं एवं प्राइवेट लगभग 20 छात्र-छात्राओं कुल परिक्षार्थी थे। जिसमें से नियमित/प्राइवेट छात्र-छात्राओं सहित अंगेजी विषय में केवल 4 परिक्षार्थी ही उत्तीर्ण हुऐ है एवं बचे हुए छात्र-छात्राओं को पूरक घोषित कर दिया गया। कई छात्र-छात्राये ऐसे भी हैं जिनको शुन्य अंक भी प्राप्त हुआ है। नवीन शासकीय महाविद्यालय पाली के बी. काम. प्रथम वर्ष अंग्रेजी विषय के सभी छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच करवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्री मरकाम से निवेदन किए हैं। छात्र-छात्राओं ने अपने भविष्य अंधकारमय होने से बचने के लिए और दोषियों के उपर कड़ी कार्यवाही की जाने ताकि भविष्य में किसी और छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

**खास बात**

- विधायक भी छात्र छात्राओं साथ बिलासपुर जाकर मिलेंगे कुलपति से



बैठक में उपस्थित विधायक व अन्य।

## सर्पदंश से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आरएचओ या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाएं। कोरबा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम में वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने व सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बिल से बाहर आ जाते हैं और लोगों में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांप के काटने का एकमात्र इलाज अस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम से होता है। झाड़-फूंक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ति व्यक्ति की जान नहीं बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण सर्पदंश के मामलों में झाड़-फूंक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़तिों को चिकित्सालय लेकर आते है, जिससे ऐसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश से बचाव हेतु जनसामान्य में जागरूकता लाने हेतु विभागीय सभी अधिकारियों कर्मचारियों को नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा देने व सजग रहने की हिदायत दी गई है। वर्तमान स्थिति में जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश के प्रकरणों का निःशुल्क इलाज हेतु पर्याप्त मात्रा में दवाईयां (एण्टी स्नेक वेनम) उपलब्ध है। सर्पदंश से बचाव व इन घटनाओं में कमी लाने की जानकारी दी गई।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

Recognized by Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION


P.B.B.Sc. Nursing 2 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
B.Sc. Nursing 4 Years Course
G.N.M. Nursing 3 Years Course
RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
MODEL TOWN, NEHRU NAGAR (E), BHILAI (C.G.)
www.rastoginursing.com rcnbli@rastoginursing.com
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की बैठक आज

**कोरबा।** वर्ष 2024-25 में जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में जिला स्तरीय बैठक 12 जुलाई की दोपहर 12 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा टीपी नगर में आहूत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड क्रीडा प्रभारी, सर्व प्राचार्य शासकीय एवं अशासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### कलेक्टर ने पदक प्राप्त खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में जिले के पदक प्राप्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपए का बैंक ड्राफ्ट प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा उपस्थित थे। पदक प्राप्त खिलाड़ी समीर कुमार कंवर पिता गुरूवार सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी कोरबा को कराटे 50 किलोग्राम वर्ग, सुरभि लाठिया पिता शांति लाल लाठिया संस्कार भारती हाईस्कूल डिंगापुर को नेटबॉल 14 वर्ष, रूचि विश्वकर्मा पिता कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर को नेटबॉल 17 वर्ष में, पार्थ श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल रामपुर को तैराकी 200 मीटर तथा 400 मीटर को प्रोत्साहन राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी केआर टण्डन, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अनुप राय, अजय दुबे, सुमित सिंह, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

### सीएमपीएफ को मजबूत करने की पहल

**कोरबा।** कोयला खान पेंशन निधि (सीएमपीएफ) को मजबूत करने को लेकर कई वर्षों से प्रयास चल रहे हैं। इसको लेकर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन सरकार ने इस तवज्जो नहीं दी है। इधर, सीएमपीएफओ बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के सदस्य तथा भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी ने अपने स्तर पर पेंशन फंड में वृद्धि को लेकर प्रयास किए हैं। श्री रेड्डी ने नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों का ध्यान अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उस पत्र की ओर दिलाया, जिसे 4 जुलाई, 2024 को वित्त मंत्री के नाम लिखा गया था। लक्ष्मा रेड्डी ने वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से कहा कि कोयला खान पेंशन निधि में केन्द्र सरकार का वर्तमान वार्षिक अंशदान 1600 रुपए वेतन पर 1.16 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 15 हजार रुपए वेतन पर 1.16 प्रतिशत किया जाए, जो अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के लिए लागू कर्मचारी पेंशन योजना के समान हो। श्री रेड्डी के अनुसार वित्त मंत्रालय के अफसरों ने आश्वासन दिया है कि वे मामले की जांच करेंगे और यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

### नए कानून की दी जानकारी

**लखनपुर।** तीन नए कानून को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने स्कूल में छात्राओं को एक जुलाई से लागू हुए तीन नवीन कानूनों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने भारतीय न्याय संहिता व अन्य कानूनों के फायदों से अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य शशिधर पांडेय, शिक्षक प्रमान राजवाड़े, आरक्षक दशरथ राजवाड़े व छात्राएं मौजूद थी।

# कोसा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने बढ़ रहे महिलाओं के कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोसा उत्पादन के लिए जिला मुख्यालय में संचालित कोसाबाड़ी टसर केन्द्र के अलावा कुदमुरा, पाली, पसान, कटघोरा जैसे बड़े क्षेत्रों में टसर केन्द्रों का संचालन करने के साथ विस्तार केन्द्रों की भी स्थापना की गई है एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कोसा उत्पादन के लिए उपयुक्त वातावण होने के कारण विभाग ऐसे वनांचल क्षेत्रों को अपनी योजना में शामिल कर रहा है ताकि कोसा उत्पादन से दूर रहने वाले वनवासी परिवार भी इससे जुड़ सके।

जिले के छुरीकला कोसा उत्पादन के लिए प्रदेश भर में मशहूर है। सर्वाधिक बुनकर इसी गांव से आते हैं जो रेशन का धागा बनाने के लिए नई आधुनिक तकनीक का उपयोग करने लगे हैं। हालांकि अभी भी कई महिला समूह ऐसी हैं जिन्हें कोसा धागा बनाने के लिए नई आधुनिक मशीनों का इंतजार बना हुआ है। मशीनों के वितरण के बाद ऐसी महिला समूहों को कोसा उत्पादन से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने का कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। विभाग अपने सभी टसर केन्द्रों से कोसा बीज का भंडारण कर उन्हें व्यापारियों को बचने के साथ जिले के उन महिला समूहों को भी अपूर्ति करता है, जो कोसा उत्पादन में रूचि लेते हैं। कोसा कृमि पालन उद्योग अब धीरे धीरे आगे बढ़ने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों के महिला समूह अब इनसे सीधे जुड़ रहे हैं। अब तक 40 स्व सहायता महिला समूह इन टसर केन्द्रों से जुड़ चुके हैं। जिन्हें विभाग के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। विभाग का दायरा टसर केन्द्रों से लेकर आगे बढ़ाने को भी है। विभाग इसके लिए प्रभाव भी तैयार किया है। ताकि महिला समूहों को पुराने तौर तरीकों से बाहर निकालकर उन्हें आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराकर रेशम उद्योग से जोड़ा जा सके। विभाग की योजना ग्रामीण अंचलों में रेशम उद्योग की लघु इकाईयां भी स्थापित करने की है।

## ग्रामीण अंचलों में विस्तार केन्द्रों की हो रही स्थापना



### बीते वर्ष 1.5 करोड़ से अधिक कोसा का उत्पादन

गत वर्ष 1 करोड़ 57 लाख 86 हजार नग कोसा उत्पादन हुआ और 1500 हितग्राही लाभान्वित हुये। रिकार्ड उत्पादन के साथ कोरबा जिला कोसा उत्पादन में सिरमौर बन गया है, वही जिले के छुरीकला ग्राम की पहचान कोसा वस्त्र उद्योग के रूप में स्थापित है। जिले में 19 विभागीय एवं 22 विस्तार केंद्र है। जिनके द्वारा कोसा उत्पादन की दिशा में विभाग कार्य कर रहा है। बाहर के व्यापारियों द्वारा भी कोसा बीज का यहां से क्रय किया जाता है।

### 1250 हेक्टेयर में है उत्पादन

रेशम विभाग के द्वारा जिले के 1250 हेक्टेयर में कोसा कृमि पालन का कार्य किया जा रहा है। बीते वर्ष 1650 हितग्राही कृमि पालन के कार्य से जुड़े हुए थे। विभाग लगातार हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने की दिशा पर कार्य कर रह है ताकि कोसा उत्पादन के दायरे बढ़ाए जा सके। विभाग के द्वारा वनवासी क्षेत्रों के पहाड़ी कोरवाओं को भी टसर केन्द्रों में रोजगार दिया गया और इसके साथ उन्हें भी कोसा उत्पादन और रेशम धागा बनाने के कार्य से जोड़ा जाएगा। बीते वर्ष हितग्राहियों की संख्या को लेकर विभाग ने ऐसे क्षेत्रों को चयन किया था जहां ग्रामीण महिला समूह अन्य व्यवसायिक कार्यों से जुड़े थे उन्हें भी इससे जोड़ने का कार्य किया गया है।

## झारखंड का ही निकला मृतक युवक, परिजनों ने की शिनाख्त

# सऊदी अरब से पहुंचे युवक की चैतमा के दंपती ने रची थी मौत की साजिश!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सऊदी अरब से पहुंचे एक युवक की टुकड़े-टुकड़े कर उसे मौत की नींद सुलाने वाला कोई और नहीं बल्कि चैतमा का ही एक दंपती ने ही साजिश रचने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर युवक की शिनाख्त झारखंड रांची निवासी वसीम के रूप में उनके परिजनों ने कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस कल इस मामले का विधिवत खुलासा करेगी।

उल्लेखनीय है कि पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर स्थित बांध में बैग व बोरा में भरा हुआ युवक का अलग-अलग टुकड़ों में कटा शव मिला था। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पिछले 24 घंटे से पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल से मिले पासपोर्ट के आधार पर पुलिस ने झारखंड रांची निवासी मोहम्मद वसीम अंसारी 30 वर्षीय युवक का दस्तावेज मिला था। जिसके आधार पर उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई थी। गुरुवार को झारखंड रांची से परिजन पहुंचे जहां उसके शव को देखकर उसकी शिनाख्ती वसीम के रूप में ही की गई है। वहीं पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि वसीम की हत्या चैतमा में निवास करने वाले एक दंपत्ति ने ही की है। जिसने यह पूरी साजिश रची थी। वसीम पिछले ढाई वर्षो से सऊदी अरब में काम कर रहा था और 1 जुलाई को हवाई जहाज से वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। जिसके बाद वह 2 जुलाई को चैतमा पहुंचा था। संभावना जताई जा रही है कि पहले से ही वसीम का इस परिवार से जान पहचान था और वह अपने घर झारखंड जाने की जगह सीधे पहले चैतमा आया था और संभवतः चैतमा में ही दंपति ने यह साजिश रचकर उसे मौत के घाट उतारा होगा और पुलिस के चंगुल से बचने के लिए उसके लाश को ठिकाने लगाने के लिए गोपालपुर स्थित बांध में टुकड़े-टुकड़े कर ठिकाने लगा दिया गया था कि वह पुलिस के चंगुल में न फंसे लेकिन पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं। आखिरकार पुलिस ने इस मामले में मृतक की पहचान कर ली है। अब कुछ हत्यारों को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस शुक्रवार को इस मामले का विधिवत खुलासा करेंगे। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि वसीम की हत्या किसने और क्यों की है और किस वजह से की गई है।



मृतक के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस की टीम।

### जानकारी देने में कतराते रहे पुलिस के अफसर

पुलिस के अधिकारी वैसे तो अमूमन छोटे-मोटे मामले को लेकर बड़ा-बड़ा प्रेस रिलीज जारी करते हैं और बाकी अन्य मामलों को भी लेकर बड़ी-बड़ी बखान करते रहते हैं लेकिन जैसे ही गुरुवार को यह सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस के अधिकारियों को सांप सूंघ लिया था। पुलिस के अधिकारी इस मामले को लेकर कुछ भी मीडिया को बताने में कतराते रहे तो वही दूसरे दिन गुरुवार को भी झारखंड से परिजन आने के बाद शिनाख्ती हो जाने के बाद भी इस मामले को लेकर भी लगातार किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दे रहे थे। मृत युवक की जानकारी, नाम पता व अन्य जानकारी देने में पुलिस आनाकानी कर रहे थे। हालांकि पुलिस के आला अधिकारी यही कहते नजर आए कि जल्द ही मामले का खुलासा होगा। हालांकि पुलिस शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करेगी।

### तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था वसीम

जानकारी के अनुसार झारखंड रांची निवासी वसीम खान तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के मुताबिक वह ढाई साल पूर्व सऊदी अरब में काम करने के लिए गया था। जहां वह गार्ड का काम करता था। वह कब इंडिया आया इसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को नहीं दी थी। उसके बड़े भाई तहसीन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह प्रति सप्ताह अपने भाई वसीम से मोबाइल फोन पर बात किया करता था पिछले हफ्ते जब उससे बात हुई थी तो उसने किसी तरह के इंडिया आने की जानकारी उसको नहीं दी थी और तहसीन ने बताया कि उसका भाई बहुत सीधा-साधा था। ना ही किसी से उसका विवाद था। कोरबा पुलिस ने पासपोर्ट के आधार पर इसकी जानकारी हमें दी थी जिसके आधार तहसीन ने अपने भाई वसीम की शिनाख्ती की है।

## बच्चा चोरी की अफवाह, युवक हिरासत में, निकला विक्षिप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार बस्ती में घूम रहा एक युवक जब एक बच्चे के पास जा पहुंचा तो बच्चा चोर की अफवाह उड़ गई और फिर क्या था इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। जब युवक को हिरासत में लिया गया तो युवक नशे में धुत्त पाया गया और मामले की तस्वीर की गई तो उक्त युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त निकला। जहां पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी बस्ती की है। यहां निवासरत कुछ बच्चे देर शाम को अपने घर के समीप स्थित मैदान पर खेल रहे थे कि इसी दौरान एक युवक अजीबों गरीब हरकत करते हुए बच्चों के पास जा पहुंचा इस बीच देखते ही देखते बच्चा चोर की अफवाह उड़ गई और इसकी सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस को दी गई। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और उक्त युवक को हिरासत में ले लिया गया। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लिया तो वह अजीबोगरीब हरकत कर था और नशे में धुत्त था। उक्त युवक दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गू निवासी यज्ञदास महंत है जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया की तस्दीक करने के बाद उनके परिजनों को चौकी बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

## गेवरा कोयला खदान में हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल गेवरा परियोजना में दो ट्रेलर आपस में टकरा गए। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हादसे की पीछे मुख्य वजह विजिबिलिटी की मानी जा रही है। दरअसल खदान क्षेत्र में एसईसीएल द्वारा पानी छिड़काव का कार्य कराया जाता है। संभवतः पानी छिड़काव के दौरान बरती गई लापरवाही की वजह से ही यह हादसा घटित हुआ है। इस दुर्घटना से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए स्थानीय अधिकारियों ने कार्रवाई का निर्णय लिया है। हादसे की जांच के लिए अधिकारी जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल द्वारा पानी छिड़काव के कार्य की लापरवाही ने हादसे को बढ़ावा दिया है।

## अब बिना कार्य अनुभव के गैर अधिकारी से अधिकारी वर्ग में होगी पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया ने कार्मिक संभाग (पर्सनल डिसिप्लिन) के गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में चयन-पदोन्नति के मौजूदा मौजूदा प्रावधान में संशोधन किया है। इसके मुताबिक कार्मिक संभाग के कर्मचारियों को गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग (वरिष्ठ अधिकारी इ-ग्रेड) में पदोन्नति के लिए अब तकनीकी और सुपरवाइजरी ग्रेड-ए पद पर तीन वर्ष के कार्यानुभव की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक विज्ञान या श्रम कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या स्नातकोत्तर डिग्री के साथ स्नातक कर्मचारी गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति पा सकेंगे। इस आलोक में कोल इंडिया के विभागाध्यक्ष (पी-पीसी) के हस्ताक्षर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। इसके मुताबिक कोल इंडिया निदेशक मंडल की 27 जून को आयोजित 467वीं बैठक में कार्मिक अनुशासन की संवर्ग योजना में संशोधन को मंजूरी दी गयी है। मौजूदा प्रावधान के मुताबिक गैर अधिकारी से खान में कल्याण अधिकारी के पद के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक विज्ञान या श्रम कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या स्नातकोत्तर डिग्री के साथ स्नातक व तकनीकी और सुपरवाइजरी ग्रेड ए पद पर तीन वर्ष का कार्य अनुभव आवश्यक था।



फाइल फोटो

## पेंशन संशोधन के लिए कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीराम चंद्र राव और मेदुरी विजय बाबू ने ऑल इण्डिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआईसीपीए), सिंगरेनी रिटायर्ड एम्प्लॉईस वेल्फेयर एसोसिएशन और ऑल इण्डिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्सएकूटिव्स (एआईएसीई) की ओर से हैदराबाद में कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने कोयला कर्मचारियों की पेंशन में संशोधन के लिए मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अपर्याप्त पेंशन पर जीवित रहने वाले कोयला पेंशन भोगियों की पीड़ा को दर्शाया गया और कोयला पेंशन भोगियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए कोयला और खान मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया। केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए पेंशन को उचित रूप से बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने कोयला मंत्री को सीआईएल और एससीसीएल के कोयला क्षेत्र में पेंशनभोगियों की स्थिति से अवगत कराया। उन्हें कहा गया कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई वर्षों तक गंदे वातावरण में काम करने के बावजूद कई पेंशनभोगियों को 1000 रुपये प्रति माह से भी कम पेंशन मिल रही है। यहां तक कि वर्ष 2007 से पहले सेवानिवृत्त हुए उच्चतम बोर्ड स्तर और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों को भी मामूली पेंशन मिल रही है, जो कष्ट रहित जीवन जीने के लिए अपर्याप्त है। एआईसीपीए के संयोजक पीके सिंह राठौर ने बताया कि वर्तमान पेंशन राशि से गरीब पेंशन भोगी भुखमरी के कगार पर हैं और सरकार को पेंशन बढ़ाने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।



ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

### टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजनगर।** जमीन विवाद को लेकर टांगी से युवकों पर प्राणघात हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर चारपारा निवासी बजरंग सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही चंद्रभान सिंह से पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। चंद्रभान उसकी भूमि को अपना बताकर अक्सर विवाद करता है। गत दिन विवादित भूमि पर चंद्रभान ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। इसी दौरान भाई सूरज सिंह व मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और जुताई करने से मना किया तो चंद्रभान ने दोनों पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया।

## नगर निगम द्वारा नहीं चलाया जा रहा अभियान

# बालको में आवारा पशुओं की समस्या से नगरवासी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इन दिनों बालकोनगर में आवारा पशुओं की समस्या से नगरवासी हलाकान हैं लेकिन बालको नगर प्रशासन या नगर निगम कोरबा इसे लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं दिख रहा है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोश लोग घायल हो रहे हैं। वहीं वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है एवं पशुओं को भी नुकसान हो रहा है।

बालकोनगर का ऐसा कोई मार्ग या चौराहा नहीं है जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा नहीं होता हो। स्थिति यह बन गई है कि छोटे बच्चों का तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। शहर के मुख्य मार्गों पर झुंड बनाकर घूमते आवारा पशुओं के कारण राहगीरों वाहन चालकों को दुर्घटना होने की हमेशा आशंका लगी रहती है। शहर की सड़कों पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों के अचानक आवारा पशु सामने आने से वाहनों को टक्कर मार देने से कई वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं। नगर निगम एवं बालकोनगर प्रशासन ने आवारा पशुओं की धरपकड़ के कोई प्रयास नहीं कर रहा है। बालको नगरवासियों का सड़क मार्ग पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। आवारा पशुओं की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए नगर निगम या बालको नगर प्रशासन ने धरपकड़ की कोई कार्रवाई कभी नहीं हुई है। कई बार आवारा पशुओं की समस्या के समाधान को लेकर योजनाएं बनाई गई लेकिन उसे अमल में नहीं लाया जा सका। नगर निगम के पास आवारा पशुओं को पकड़कर रखने के लिए कांजी हाउस की सुविधा है लेकिन उसका इस्तेमाल ही नहीं हो रहा है। आवासीय परिसर के मार्गों पर उन्मुक्त विचरण करते इन आवारा पशुओं के कारण मार्ग पर आवागमन करने के दौरान राहगीरों वाहन चालकों, बच्चों के साथ हादसा होने की आशंका लगी रहती है। पशुओं का ऐसे जमावड़ा लगा रहने के कारण आम आदमी का मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है।



कालोनी में घूमते आवारा पशु।

### मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ

**कोरबा।** जिले के सभी शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में मत्स्य बीज का उत्पादन कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसी कड़ी में जिले के शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र ऐतमानगर बाँगो में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य 3 जुलाई से प्रारंभ है। अब तक प्रक्षेत्र में 90 लाख मत्स्य जीरा का उत्पादन किया जा चुका है।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780